प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार    दिनांक 04.11.2025

मुख्य समाचारः—

- बिलासपुर के पास आज शाम एक पैसेंजर ट्रेन खड़ी मालगाड़ी से टकराई—कम से कम पांच लोगों की मौत—करीब बीस व्यक्ति घायल।

- प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण—एसआईआर आज से शुरू हुआ।

- उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन छत्तीसगढ़ प्रवास पर आज देर शाम रायपुर पहुंचेंगे—वे कल छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के समापन समारोह में शामिल होने के साथ ही राजनांदगांव में भी दो कार्यक्रमों में होंगे शामिल।

- भारत सरकार के कुपोषण मुक्त अभियान के तहत फोर्टिफाइड चावल की पहली खेप छत्तीसगढ़ से कोस्टारिका भेजी गई।

बिलासपुर—ट्रेन हादसा—01

बिलासपुर के पास आज शाम हुए एक ट्रेन हादसे में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। वहीं, लगभग बीस लोग इस दुर्घटना में घायल हुए हैं। यह हादसा तब हुआ, जब गेवरा रोड से बिलासपुर की ओर आ रही एक मेमू ट्रेन आउटर सिग्नल पर लालखदान के पास खड़ी मालगाड़ी से जा टकराई। इस मेमू ट्रेन का नंबर – छह आठ सात तीन तीन बताया जा रहा है।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लोकल ट्रेन के आगे के डिब्बे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे, जीआरपी, जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि मौके से अब तक पांच लोगों के शव बरामद किए गए हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।

अधिकारियों के अनुसार दो लोग अभी भी क्षतिग्रस्त डिब्बे में फंसे हुए हैं, जिनको निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस घटना में हताहतों और घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

बिलासपुर–ट्रेन हादसा–02

रेलवे ने यात्रियों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। बिलासपुर के लिए हेल्पलाइन नंबर है – सात सात सात सात आठ पांच सात तीन तीन पांच। चांपा के लिए – आठ शून्य आठ पांच नौ पांच छह पांच दो आठ। रायगढ़ के लिए – नौ सात पांच दो चार आठ पांच छह शून्य शून्य। पेण्ड्रा रोड के लिए – आठ दो नौ चार सात तीन शून्य एक छह दो और कोरबा के लिए हेल्पलाइन नंबर है – सात आठ छह नौ नौ पांच तीन तीन तीन शून्य। यात्री और उनके परिजन इन नंबरों पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इस दुर्घटना के कारण सात ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। रेलवे ने रायपुर और दुर्ग रेलवे स्टेशन पर हेल्प डेस्क स्थापित की है।

इस बीच, रेलवे ने इस दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों के लिए अनुग्रह राशि की घोषणा की है। रेलवे द्वारा मृतकों के परिजनों को दस–दस लाख रूपये, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को पांच लाख रूपये और सामान्य रूप से घायल यात्रियों को एक–एक लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

रेलवे ने इस घटना की विस्तृत जांच रेलवे सुरक्षा आयुक्त से कराने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करने के साथ ही दुर्घटना में जान गवाने वाले व्यक्तियों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने बिलासपुर कलेक्टर से फोन पर बात कर प्रभावितों को तत्काल चिकित्सा मुहैया कराने के निर्देश दिए।

एसआईआर–बीएलओ गणना

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के तहत घर–घर सत्यापन का कार्य आज से शुरू हो गया है। इसके तहत विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर–घर जाकर गणना प्रपत्र बांट रहे हैं। सत्यापन का यह कार्य चार दिसंबर तक चलेगा। प्रदेश में सत्ताईस हजार एक सौ निन्यानवे बीएलओ, मतदाताओं की पहचान कर उनके दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने बताया कि राज्य में जिनका नाम साल दो हजार तीन के एसआईआर में हैं, उन्हें दस्तावेज देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा तय तेरह दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज मतदाताओं को प्रस्तुत करना होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि असुविधा होने पर बीएलओ मतदाता हेल्पलाइन नंबर एक–नौ–पांच शून्य पर कॉल रिक्वेस्ट के माध्यम से मदद ली जा सकती है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी नागरिकों से एसआईआर के कार्य में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे मतदाता सूची में अपने नाम का सत्यापन अवश्य कराएं।

उपराष्ट्रपति–छत्तीसगढ़

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आज रात रायपुर पहुंचेंगे। कल पांच नवंबर को राजभवन में उपराष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। इसके बाद वे नवा रायपुर के सेंध जलाशय के पास भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम द्वारा आयोजित एयर शो का अवलोकन करेंगे।

उपराष्ट्रपति कल राजनांदगांव पहुंचकर उदयाचल मल्टी–स्पेशलिटी नेत्र चिकित्सा संस्थान का उद्घाटन करेंगे। वे राजनांदगांव के स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

इसके बाद कल शाम उपराष्ट्रपति छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पच्चीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नवा रायपुर में आयोजित किए जा रहे छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को राज्य अलंकरण से सम्मानित करेंगे।

उपराष्ट्रपति कल शाम रायपुर से नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

भारतीय वायुसेना–एयर शो

भारतीय वायुसेना की एरोबेटिक सूर्य किरण टीम कल पांच नवंबर को सुबह दस से बारह बजे तक नवा रायपुर के सेंध जलाशय के ऊपर आसमान में रोमांचक प्रदर्शन करेगी। नौ फाईटर विमानों के साथ सूर्यकिरण टीम बॉम्ब बर्स्ट', 'हार्ट–इन–द–स्काई' और 'एरोहेड' जैसे हवाई करतब दिखाएगी। इस शो में आकाशगंगा पैराट्रूपर टीम द्वारा दस हजार फीट की ऊंचाई से फ्री फॉल जम्प का प्रदर्शन किया जाएगा। इस बार यह एरोबैटिक शो इसलिए भी खास होगा, क्योंकि टीम में शामिल स्क्वाड्रन लीडर गौरव पटेल छत्तीसगढ़ के हैं।

इस शो के लिए जिला प्रशासन ने सेंध जलाशय के पास करीब एक लाख लोगों के लिए व्यवस्था की है।

छत्तीसगढ़–फोर्टिफाइड चावल कर्नेल

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने छत्तीसगढ़ से कोस्टा रिका के लिए विटामिन और खनिजों से युक्त फोर्टिफाइड चावल कर्नेल की पहली खेप भेजी है। यह प्राधिकरण वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है। मंत्रालय ने कहा कि निर्यात की यह पहल पोषण अभियान के तहत सरकार के कुपोषण मुक्त भारत अभियान के अनुरूप है।

एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव ने कहा कि भारत से फोर्टिफाइड चावल का निर्यात न केवल देश के कृषि–निर्यात पोर्टफोलियो को मज़बूत करेगा, बल्कि कुपोषण को दूर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इससे छत्तीसगढ़ की पहचान वैश्विक स्तर पर भी अद्भुत हो रही है। श्री साय ने कहा कि इस पहल से प्रदेश के किसानों, मिल संचालकों और निर्यातकों को वैश्विक बाजार में नये अवसर मिलेंगे और इससे कृषि निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

गौरतलब है कि फोर्टिफाइड चावल कर्नेल चावल के आटे को आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी–ट्वैल्व जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों के साथ मिलाकर बनाया जाता है। इन पोषक तत्वों को निकालकर चावल के दानों जैसा आकार दिया जाता है और फिर इन्हें एक पूर्व–निर्धारित अनुपात में नियमित चावल के साथ मिलाकर चावल के पोषण मूल्य को बढ़ाया जाता है।

राज्यपाल–आकांक्षी विकासखंड समीक्षा

राज्यपाल रमेन डेका ने आज राजभवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बस्तर संभाग के आकांक्षी विकासखंडों में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका की दिशा में विशेष पहल करने को कहा। राज्यपाल ने टीबी उन्मूलन के कार्य को गति देने, स्कूलों से ड्रॉप आउट बच्चों पर विशेष ध्यान देने, आजीविका के लिए स्व–सहायता समूहों को मजबूत करने और उन्हें रोजगारमूलक कार्यों से जोड़ने की भी बात कही। श्री डेका ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए।

माओवादी ऑर्डिनेंस फैक्ट्री–ध्वस्त

सुकमा जिले में गोमगुड़ा के जंगल में सुरक्षा बलों ने माओवादियों की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री को ध्वस्त कर दिया है। मौके से सत्रह नग रायफल, हथियार बनाने के उपकरण, मशीनें, गन पाट्र्स और हथियार निर्माण में

उपयोग की जाने वाली सामग्री बरामद की गई है। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि यह फैक्ट्री माओवादियों द्वारा क्षेत्र में सशस्त्र गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से चलाई जा रही थी।

वहीं, बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि पिछले दस महीने के दौरान बस्तर संभाग में सुरक्षा बलों ने माओवादियों के पास से पांच सौ तिरसठ से अधिक हथियार बरामद किए हैं। इनमें एलएमजी, एके–फोर्टी सेवन, इंसास राइफल और एसएलआर शामिल हैं।

संक्षिप्त समाचार

- विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियां को कल छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के समापन समारोह के अवसर पर राज्य अलंकरण प्रदान किए जाएंगे। इनकी घोषणा राज्य शासन द्वारा कल दोपहर की जाएगी।

- रायपुर स्थित हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय–एचएनएलयू में "इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सिक्योरिटीज़, आर्बिट्रेशन एंड टैक्सेशन का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस सम्मेलन में विधिक विमर्श, अकादमिक संवाद और प्रदेश गौरव का प्रस्तुतिकरण किया गया। सम्मेलन में देश के बारह राज्यों से सत्तर से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के गातापार जंगल के आश्रित गांव – लिमउटोला, सांकरी और गाड़ाघाट में इन दिनों डायरिया फैलने की खबर है। इससे एक व्यक्ति की खैरागढ़ के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई है। हमारे संवाददाता के अनुसार इन गांवों के करीब पचास लोग डायरिया की चपेट में है।

<><><><><><>